# प्रसार भारती
## भारतीय प्रसारण निगम
## आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 10.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम– मैरिट सूची में बेटियों का दबदबा।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर बदले की भावना से काम करने का लगाया आरोप।
- पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन– 26, 28 व 30 मई को तीन चरणों में होगा मतदान।
- प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार– 15 मई तक अधिकांश स्थानों पर वर्षा व ओलवृष्टि का अलर्ट।

**शिक्षा बोर्ड–परिणाम**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज 10वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष 93 हजार एक सौ 76 विद्यार्थियों ने ये परीक्षा दी थी, जिनमें से 78 हजार एक सौ 50 उत्तीर्ण हुए हैं। आठ हजार 4 सौ 33 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई है जबकि 6 हजार 5 सौ 59 असफल घोषित किए गए हैं। परीक्षा परिणाम 83 दशमलव आठ–सात प्रतिशत रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट...........

*प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की मैरिट सूची में एक बार फिर छात्राओं का दबदबा देखने को मिला है। मैरिट सूची में कुल एक सौ सात विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है जिनमें 83 छात्राएं और 24 छात्र शामिल है। कांगड़ा ज़िले के निजी स्कूल पाहरा की छात्रा अनमोल ने 7 सौ में से 6 सौ 99 अंक लेकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा के अनुसार परीक्षा प्रणाली में इस बार कई बड़े बदलाव किए गए थे, जिसके चलते परिणाम में सुधार देखने को मिला है।*

*स्कूल शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष परीक्षाओं के संचालन के लिए प्रदेश भर में दो हजार तीन सौ 84 परीक्षा केंद्र बनाए थे। पहली बार परीक्षक केंद्रों की लाईव मॉनिट्रिंग भी की गई। बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि आगामी सत्र से परीक्षा केंद्रों में ऑडियो–वीडियो कैमरों के माध्यम से निगरानी रखने की योजना है। प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं सुरेश शर्मा।*

**अनमोल**

इस बीच, प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल करने वाली कांगड़ा जिले की छात्रा अनमोल ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता–पिता और अध्यापकों को दिया है। अनमोल ने बताया कि उनका सपना भविष्य में अध्यापक बनना है।

**बधाई**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दसवीं की परीक्षा में सफल होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। मेधावी विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ये परिणाम उनकी कड़ी मेहनत और पढ़ाई के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने इस परीक्षा में असफल विद्यार्थियों को निराश न होने और नए संकल्प व कड़ी मेहनत के साथ दोबारा तैयारी करने के लिए प्रेरित भी किया।

## भाजपा प्रभारी

प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार जनता में अपनी विश्वसनीयता पूरी तरह खो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चुनावी वायदों को पूरा नहीं किया है और केवल झूठे आश्वासन दिए हैं। पालमपुर में आज कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भाजपा पालमपुर नगर निगम के लिए स्पष्ट विजन लेकर आई है और इसे आदर्श नगर निगम बनाया जाएगा। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि पालमपुर को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा।

## सराहना

डिजिटल टैक्नोलॉजी व गवर्नेंस विभाग को ई–गवर्नेंस की दिशा में किए गए नवाचारों और नागरिक केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्मस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। विभाग के सचिव आशीष सिंघमार और निदेशक निपुण जिंदल ने शिमला में मुख्यमंत्री को ये पुरस्कार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने लोगों को पारदर्शी, त्वरित और सुरक्षित सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तकनीक और नवाचार का उपयोग कर लोगों को प्रभावी, पारदर्शी व सुलभ सार्वजनिक सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबध है।

## भाषा

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय गर्मी की छुट्टियों में देश के सभी स्कूल में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करेगा। एक सप्ताह का यह शिविर भारतीय भाषाओं में बुनियादी संवाद कौशल सीखने, शब्दों को जानने, अपना परिचय देने, वास्तविक जीवन की बातचीत और संस्कृति की सराहना पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरुप समावेशी और समान शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने बेसहारा पशुओं, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। पालमपुर में एक चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से पालमपुर शहर का विकास ठप्प है और केंद्र द्वारा स्वीकृत सीवरेज योजना में भी बड़ा घोटाला किया गया है।

जयराम ठाकुर ने धर्मशाला के दाड़ी में भी चुनाव प्रचार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार केवल बदले की भावना से काम कर रही है और जनहित की योजनाओं को रोक रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर–घर जाकर राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर करने का आहवान् किया।

## नामांकन

प्रदेश में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। सात और 8 मई को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान प्रदेश भर में 42 हजार 5 सौ 62 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन भरे। अभी तक कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 7 हजार 3 सौ 96 नामांकन भरे गए हैं। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जाएगी और इसी दिन चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। पंचायत चुनावों के लिए मतदान 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में करवाया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा।

## ऊना–पंचायत चुनाव

ऊना ज़िले में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में 3 लाख उनासी हजार 4 सौ 59 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऊना ज़िले की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ज़िले में एक लाख 88 हजार 9 सौ 45 पुरूष जबकि एक लाख 84 हजार 7 सौ 24 महिला मतदाता हैं।

## निष्कासन

भाजपा ने सोलन नगर निगम चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल 4 कार्यकर्ताओं की प्राथमिक सदस्यता निलंबित कर दी है। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि पार्टी संगठन, विचारधारा और अनुशासन के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। पार्टी ने उम्मीद जताई कि सोलन की जनता विकास, पारदर्शिता व मज़बूत नेतृत्व के पक्ष में मतदान करेगी और भाजपा को भारी जनसमर्थन प्राप्त होगा।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए रहे। प्रदेश में मई के दूसरे सप्ताह में भी ठंड बरकरार है। मौसम विभाग के अनुसार कल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे 15 मई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का अनुमान है। विभाग के अनुसार मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने कल 11 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के लिए येलो जबकि 12 और 13 मई को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के लिए ओरेंज व अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

## कर्मचारी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आज शिमला में उनसे मिलने आए हिमाचल प्रदेश साईंस मास्टर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में पुरानी पैंशन योजना को बहाल रखेगी।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम– मैरिट सूची में बेटियों का दबदबा।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर बदले की भावना से काम करने का लगाया आरोप।
- पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन– 26, 28 व 30 मई को तीन चरणों में होगा मतदान।
- प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार– 15 मई तक अधिकांश स्थानों पर वर्षा व ओलवृष्टि का अलर्ट।